
# पीएम विश्वकर्मा योजना की दूसरी वर्षगाँठ

[स्रोत: पी. आई. बी.](#)

**केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय (MSME)** ने **बिहार के बोधगया** में **'पीएम विश्वकर्मा एवं राष्ट्रीय SC-ST हब मेगा कॉन्क्लेव'** का आयोजन किया। यह कार्यक्रम **पीएम विश्वकर्मा योजना की दूसरी वर्षगाँठ** के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया।

## पीएम विश्वकर्मा योजना

- **परिचय:** यह एक **केंद्रीय क्षेत्रक योजना** है, जिसे **17 सितंबर, 2023** को **हाथों और उपकरणों की सहायता** से कार्य करने वाले **पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों** को व्यापक सहायता प्रदान करने के लिये शुरू किया गया था।
- **कार्यान्वयन:** इस योजना का कार्यान्वयन **केंद्रीय MSME, कौशल विकास और वित्त मंत्रालयों द्वारा संयुक्त** रूप से किया जाएगा।
- **पात्रता: आवेदक को स्वरोज़गार के आधार पर असंगठित क्षेत्र में 18 परिवार आधारित पारंपरिक व्यवसायों** में से किसी एक में **हाथों और औज़ारों की सहायता से कार्य करने** वाला कारीगर या शिल्पकार होना चाहिये। पंजीकरण के समय उसकी आयु 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिये तथा पंजीकरण के समय वह व्यापार में सक्रिय रूप से कार्यरत होना चाहिये।
    - **18 पात्र व्यवसायों** में **बढ़ई, नाव निर्माता, शस्त्र निर्माता, लोहार, ताला बनाने वाला, सुनार, कुम्हार** आदि शामिल हैं।
- **बहिष्करण:** वे लाभार्थी जिन्होंने विगत 5 वर्षों में **स्वरोज़गार या व्यवसाय विकास के लिये केंद्र या राज्य की समान ऋण-आधारित योजनाओं** के तहत ऋण लिया हो।
- **उपलब्धियाँ: दो वर्षों में 23 लाख लोगों को निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण** प्राप्त हुआ, **8 लाख टूलकिट प्रदान** किये गए । 5 लाख कारीगरों को बिना किसी गारंटी के **4,100 करोड़ रुपये के ऋण वितरित** किये गए हैं।"




**और पढ़ें:** [PM वशि्वकर्मा योजना]

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/2nd-anniversary-pm-vishwakarma-yojana